हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 22.1 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

14 स्वास्थ्य के लिए मेडिटेशन बेहद फायदेमंद



14 9 महीने से फरार चल रहे दो ईनामी बदमाश काबू



## खबर संक्षेप

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन करें

**पानीपत।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है।

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन 23 दिसंबर को सायं 3 बजे नए लघु सचिवालय के सभागार में किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर करेंगे। नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित समय पर मीटिंग में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे और सभी अधिकारियों के पास मीटिंग का एजेंडा भेजा जाएगा और सभी पूरी तैयारी के साथ बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

### किसानों को अनुदान के बारे में समझाया

**पानीपत।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के गन्ना अनुभाग इकाई की ओर से गन्ना तकनीक परियोजना के अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं, किसानों को गन्ना तकनीकी परियोजना वर्ष 2025-26 स्कीम के बारे जानकारी दी गई। जबकि कृषि विभाग द्वारा सिफारिश गन्ना किस्म की बीज नर्सरी पर पांच हजार रुपये प्रति एकड़, चौड़ी खूड़ विधि व एकल आंख विधि द्वारा बिजाई करने पर तीन हजार रुपये प्रति एकड़ की अनुदान राशि दी जाएगी।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**करनाल।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से करनाल स्थित माता प्रकाश कौर भवन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में निसिंग खंड के छह सर्कलों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी मीना रतन ने दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि "पोषण भी पढ़ाई भी" कार्यक्रम के तहत बच्चों के पोषण के साथ-साथ उनकी प्रारंभिक शिक्षा पर भी ध्यान दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और दिव्यांग बच्चों के पोषण, विकास तथा कुपोषण की रोकथाम से संबंधित जानकारी दी जा रही है।

### इसराना की कारद रोड पर रविवार रात पुलिस व बदमाशों के बीच फायरिंग

# एनकाउंटर में 4 बदमाश पकड़े, एक को लगी गोली, मांगी थी ढाई करोड़ रुपये की रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 12 निवासी धागा व्यापारी यशपाल गर्ग से वॉट्सएप कॉल कर ढाई करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में चार आरोपियों को पानीपत व सोनीपत पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। वहीं एक बदमाश के पैर में गोली लगी है।

प्रेसवार्ता में एएसपी हर्षित गोयल ने सोमवार को बताया कि सीआईए वन पानीपत के इंचार्ज इंस्पेक्टर फूल कुमार और एसटीएफ सोनीपत के इंचार्ज इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह की संयुक्त टीम ने रविवार देर रात इसराना कारद रोड पर चारों आरोपियों को मुठभेड़ के बाद काबू किया है। उन्होंने बताया कि सोनीपत एसटीएफ के इंचार्ज इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ रविवार देर रात अति वांछित अपराधियों की तलाश के दौरान पानीपत टोल प्लाजा के पास थे। तभी टीम को विश्वसनीय गुप्त सूचना मिली कि शहरमालपुर गांव निवासी प्रमीत व देवेंद्र अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर अवैध हथियारों से लैस होकर इसराना कारद रोड पर खड़े हैं। चारों आरोपी वहां किसी वाहन को छीनकर आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इधर, एसटीएफ इंचार्ज ने सीआईए वन इंचार्ज से सूचना सांझा की। सूचना पर सीआईए वन से तुरंत दो टीम तैयार की और संयुक्त टीम इसराना कारद रोड पर पुलिया के पास पहुंची। सामने पुलिया पर खड़े चार युवक पुलिस टीम को देखकर खेतों की तरफ भाग लिए। पुलिस टीम पकड़ने के लिए पीछे दौड़ी तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने चेतावनी देते हुए हवाई फायर किया। आरोपियों ने इसके बाद भी पुलिस टीम पर फायर किए। पुलिस टीम ने अपनी सुरक्षा व बचाव में आरोपियों के पैर की तरफ फायर किया। एक बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद चारों बदमाशों को काबू किया।

आरोपियों की पहचान शहरमालपुर गांव निवासी प्रमीत पुत्र जोगिंद्र, देवेंद्र उर्फ बिंद्रा पुत्र राममेहर, साहिल पुत्र मुकेश व अमन पुत्र जोगिंद्र के रूप में हुई। आरोपी प्रमीत को पैर के टखने में गोली लगी, जिसको सरकारी अस्पताल पानीपत में भर्ती कराया।





पानीपत। पुलिस की गिरफ्त में रंगदारी मांगने के आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### व्यापारी के घर के बाहर करनी थी फायरिंग

एएसपी हर्षित गोयल ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने यशपाल गर्ग से ढाई करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने की वारदात को अंजाम देना स्वीकारा। रंगदारी मांगने की वारदात बारे यशपाल गर्ग की शिकायत पर थाना चांदनी बाग में केस दर्ज है। इधर, आरोपियों ने पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में बताया हुडा सेक्टर 12 निवासी यशपाल गर्ग व उसके परिजनों को डराने के लिए वे उनके घर के बाहर फायरिंग करना चाहते थे और वहां तक पहुंचने के लिए उन्हें वाहन चाहिए था। रविवार देर रात को चारों आरोपी इसराना कारद रोड पर वाहन लूटने की फिराक में थे। पुलिस ने भनक लगते ही वारदात से पहले उन्हें काबू कर लिया।

### आरोपियों से हथियार किए बरामद

आरोपियों से दो देसी पिस्तौल, एक देसी कट्टा, चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के तलाशी अभियान में घटनास्थल से पुलिस ने कारतूस के सात खाली खोल बरामद किए हैं। पुलिस ने हथियार आदि को केस की जांच के लिए इंपाउंड कर लिया है।

### अपराधियों के साथ सख्ती से निपट रही पुलिस : एसपी

पानीपत के पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पानीपत में क्राइम के ग्राफ को जीरो करने के लिए पुलिस कड़े प्रयास कर रही है। वहीं पुलिस, अपराधियों से सख्ती से निपट रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें, यदि कोई उनके साथ गैरकानूनी हरकत कर रहा है तो उससे डरे नहीं, पुलिस से शिकायत करें, पुलिस जनता के भरोसे को कायम रखेगी और अपराधियों से सख्ती से निपटेगी।

### तीन का पहले भी आपराधिक रिकॉर्ड

पूछताछ में तीन आरोपियों प्रमीत, देवेंद्र व साहिल का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है। आरोपी प्रमीत पर मारपीट, आर्म्स एक्ट का केस दुजाना थाना जिला झज्जर में दर्ज है, जबकि आरोपी देवेंद्र के खिलाफ मारपीट का केस बापौली थाना में व चोरी का केस जींद के थाना शहर में दर्ज है। वहीं, साहिल के खिलाफ हुड़दंगबाजी का केस थाना बापौली में दर्ज है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ पुलिस टीम पर फायर कर सरकारी कार्य में बाधा डालने व अवैध हथियार रखने के अपराध में थाना इसराना में बीएनएस की धारा 132, 121(1), 221, 109(1) तथा 25-54-59 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग दर्ज सोमवार को आरोपी देवेंद्र, साहिल व अमन को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों गहनता से पूछताछ करने के साथ पता लगाने का प्रयास करेगी रंगदारी की वारदात में और कौन लोग शामिल है।

### दूसरे संप्रदाय में शादी करने पर तनाव

## प्रेम विवाह करने पर युवती के 3 परिजनों ने दी धमकी, केस

- आरोप : लड़के के पिता को रास्ते में रोककर तीन युवकों ने दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

महेश नगर थाना एरिया में युवक व युवती की शादी को लेकर दो समुदाय के लोगों के बीच विवाद बढ़ा हुआ है। हिंदू परिवार से जुड़े लड़के पक्ष ने सलीम, आफताब व सोहेब पर जबरन मुस्लिम धर्म अपनाने व मना करने पर जिंदा जलाने की बात बोलकर धमकाने के आरोप लगाए हैं। यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी धमका रहे थे कि या तो मुस्लिम धर्म अपना लो, नहीं तो तेरा बेटा हमें मिल गया तो उसे जिंदा जला देंगे। बेटी का निकाह कहीं और करवा देंगे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले को लेकर रविवार शाम को दोनों पक्षों में टकराव की स्थिति बन गई। हिंदू समाज के लोगों ने एकजुट होकर जय श्री राम के नारे लगाए। तब पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करवाया।

महेश नगर थाना प्रभारी जितेंद्र का कहना है कि जल्द आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा। पुलिस को दी शिकायत में न्यू अजीत नगर के दीपक ने बताया कि उसके बेटे ने एक बालिग मुस्लिम लड़की के साथ शादी की थी। उसके बाद जब लड़की के परिवार को पता चला तो उसे तीन युवकों ने पकड़ लिया। धमकी देते हुए कहा कि या तो मुस्लिम धर्म अपना लो, नहीं तो बेटा तेरा हमें मिल गया तो उसे जिंदा जला देंगे। बेटी का निकाह कहीं और करवा देंगे। आरोपी बोले कि हमारी लड़की नहीं मानी तो उसे भी मार देंगे। स्थानीय लोगों के कहने पर अपने घर के बाहर सीसीटीवी लगवाए थे ताकि कोई दोबारा आए तो पता चल सके। अब पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।

## पानीपत में बस स्टैंड के सामने से महेंद्रगढ़ की युवती का किया अपहरण, दो नामजद

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह स्थित रोडवेज बस स्टैंड के सामने कार सवार दो बदमाशों ने महेंद्रगढ़ जिला के गांव बलाना निवासी युवती का अपहरण कर लिया। वहीं युवती अपने भाई व दादी के साथ उत्तर प्रदेश से पानीपत आई थी और यहां से महेंद्रगढ़ जा रही थी। इधर, युवती के भाई अजय की शिकायत पर थाना थाना हुडा सेक्टर-29 पुलिस ने अंकित उर्फ माइकल व मनोज उर्फ मन्नू निवासी गांव चुलकाना जिला पानीपत के खिलाफ बीएनएस की धारा 140 (3) और 3 (5) के तहत केस दर्ज कर युवती व आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मुकदमा दर्ज कर लिया है। इधर, इस केस की जांच कर रहे एएसआई ऋषिप्रकाश ने बताया कि युवती के अपहरण के आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर युवती को बरामद किया जाएगा।

## मांगों को लेकर सीएम से मिला भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधिमंडल



यमुनानगर के डीपीएस स्कूल में मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांगें रखते भाकियू जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर व अन्य।

- गन्ने के रेट, कोऑपरेटिव बैंकों के कर्जे का ब्याज माफ और किसानों की नष्ट हुई फसल के मुआवजे को लेकर की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधि मंडल सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिला। इस दौरान यूनियन प्रतिनिधि मंडल की मुख्यमंत्री से गन्ने के रेट, कोऑपरेटिव बैंकों के कर्जे के ब्याज माफ और किसानों की नष्ट हुई फसल के मुआवजे को लेकर हुई बातचीत हुई। यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने बताया कि किसानों का 15 सदस्यीय शिष्टमंडल डीपीएस स्कूल में मुख्यमंत्री से मिला। उन्होंने बताया कि किसानों के अहम मुद्दे गन्ने के रेट, कोऑपरेटिव बैंकों के कर्जे के ब्याज माफ को लेकर व किसानों की नष्ट हुई फसल के मुआवजे को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। यमुनानगर से रादौर सड़क मार्ग खस्ता हालत पर भी चर्चा हुई।

इस पर मुख्यमंत्री ने प्रशासन को सड़क को फोरलेन बनने से पहले सड़क को मजबूत व मरम्मत करने के कड़े निर्देश दिए। इसके साथ ही पिछले तीन महीने से अंबाला-शामली हाईवे पर किसानों के रास्ते खोलने का मुख्यमंत्री ने पूरा आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त किसानों का रास्ता जल्दी खोलने के निर्देश दिए। सड़क पर कही भी किसानों के नाले व रास्तों को बंद नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों की मांगों को ध्यान से सुना और जल्द ही उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया। किसान शिष्टमंडल में दीप राणा नंबरदार, यादविंदर कांबोज जयपुर, महेंद्र कांबोज चमरोडी, नरेश मोहडी, सुभाष शर्मा, कुलविंदर सिधु, अरविन कांबोज, सुभाष हरतौल, साहिल सेतिया, सतपाल सैनी व रोशनलाल आदि मौजूद थे।

## प्रिंटिंग प्रेस में अचानक लगी आग, पड़ोसियों पर शक

- दो माह के भीतर प्रिंटिंग प्रेस मोहल्ले से बाहर करने का पहले हुआ था समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

महेश नगर स्थित गोगा माड़ी के निकट एक प्रिंटिंग प्रेस में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। धुएं का गुबार निकला तो स्थानीय लोगों को पता चला। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। तब तक लाखों रुपये के प्रिंटिंग गत्ते व कागज सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया था। हालांकि गली पतली होने के कारण दमकल विभाग की गाड़ी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाई। यही कारण रहा कि ज्यादा नुकसान हो गया। मालिक पूजा धीमान की तरफ से प्रिंटिंग प्रेस में आग लगाने के आरोप लगाते हुए महेश नगर थाने में भी एक शिकायत दी है। आरोप लगाया कि इलाकावासी उनकी प्रिंटिंग प्रेस का विरोध कर रहे थे। विरोध जता रहे थे कि प्रिंटिंग प्रेस को मोहल्ले से बाहर किया जाए। इसको लेकर महेश नगर थाने में भी एक सप्ताह पहले मामला गया था। पुलिस की मौजूदगी में दो माह के भीतर प्रिंटिंग प्रेस मोहल्ले से बाहर करने का समझौता हो गया था।

### श्रीकृष्ण आयुष विवि में प्रो. दीप्ति बनीं आरएंडआई की डायरेक्टर



**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के आदेशानुसार आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के रोग निदान एवं विकृति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. दीप्ति पराशर को आगामी आदेश तक रिसर्च एंड इनोवेशन विभाग की डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रो. दीप्ति पराशर अपने अनुभव, कार्यकुशलता और अकादमिक दृष्टि से विश्वविद्यालय में शोध संस्कृति को और सशक्त बनाएंगी। डायरेक्टर पद पर नियुक्ति होने पर कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणधीर सिंह, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, प्रो. विदुषी त्यागी, प्रो. सीमा रानी, प्रो. कृष्ण कुमार, प्रो. राजा सिंगला, डॉ. प्रेरणा शर्मा, डॉ. लवीना, डॉ. जोरावर सिंह, अदीति शर्मा,समीर, प्रवीण राणा सहित अन्य ने शुभकामनाएं दीं।

## खराब एयर फ्रायर बेचने पर कंपनी पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने उपभोक्ता को खराब एयर फ्रायर बेचने और सेवा में कोताही बरतने पर ग्रीन इंडस्ट्रीज और इनोवेटिव टेक्नोलॉजिस को फटकार लगाई है। आयोग ने कंपनी को उत्पाद की पूरी कीमत को पांच प्रतिशत ब्याज के साथ लौटाने और मानसिक उत्पीड़न व मुकदमे के खर्च के लिए आठ हजार रुपये हर्जाना देने के आदेश दिए हैं। अंबाला छावनी के अमरपुरी निवासी अविरल सोनी ने 18 अप्रैल 2023 को अमेजन के माध्यम से ग्रीन इंडस्ट्रीज से 8,336 रुपये में एक आइबेल एयर फ्रायर खरीदा था।

उत्पाद मिलने पर पता चला कि उसकी लाइट काम नहीं कर रही थी, इससे खाना पकने का पता नहीं चल पाता था। शिकायतकर्ता ने जब सर्विस सेंटर (इनोवेटिव टेक्नोलॉजिस) और कंपनी से संपर्क किया तो उसे केवल आश्वासन मिला, लेकिन न तो पुर्जा बदला गया और न ही उत्पाद ठीक किया गया। उपभोक्ता आयोग के समक्ष सुनवाई के दौरान विपक्षी कंपनियां पेश नहीं हुईं। इस कारण 5 जून 2024 को एकतरफा फैसला करते हुए कंपनी को दोषी घोषित कर दिया गया। आयोग ने माना कि कंपनियों ने खराब उत्पाद बेचकर न केवल उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी की बल्कि सेवा में भी गंभीर कमी छोड़ी है।

**सफलता** कुरुक्षेत्र के भारत जांगड़ा राजस्थान में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के पद पर चयनित

# 10 से 12 घंटे तक पढ़ाई कर और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर भारत ने किया जज बनने का सपना पूरा

- पहली कक्षा से लेकर पंजाब यूनिवर्सिटी तक में किया टॉप, ज्यूडिशयरी परीक्षा में ऑल इंडिया में छठा रैंक लिया
- जेल विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर पिता भी राष्ट्रपति अवॉर्ड से हो चुके हैं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र निवासी भारत जांगड़ा का न्यायपालिका राजस्थान में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के पद पर चयन हुआ है। भारत जांगड़ा ने ऑल इंडिया में छठा रैंक हासिल किया है। भारत जांगड़ा के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के पद पर चयनित होने पर उसके परिवार में खुशी का माहौल है।



### सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता : भारत

न्यायाधीश बने भारत जांगड़ा ने बताया कि वे 10 से 12 घंटे तक पढ़ाई करते थे और सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। न्यायाधीश बनने की प्रेरणा अपने दादा श्याम लाल जांगड़ा से ली, जोकि कुरुक्षेत्र कंज्यूमर कोर्ट में न्यायाधीश थे। भारत जांगड़ा ने बतायाा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। असली और स्थायी सफलता कड़ी मेहनत, निरंतरता, लगन और समर्पण से ही मिलती है, हालांकि शॉर्टकट से मिली कामयाबी अक्सर अस्थायी होती है और गहरी समझ व कौशल विकसित नहीं कर पाती।

शहरवासी भारत जांगड़ा व उसके परिवार को बधाइयां दे रहे हैं। भारत जांगड़ा ने महाराणा प्रताप स्कूल कुरुक्षेत्र से मैट्रिक में टॉप किया है। इसके अलावा वे बीए एलएलबी पंजाब यूनिवर्सिटी में प्रथम, गोल्ड मेडललिस्ट रहे। इनके पिता सोहन लाल जांगड़ा जेल विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। अति विशिष्ट सेवा के लिए सोहनलाल जांगड़ा को 2018 में राष्ट्रपति पदक से सुशोभित किया गया था।

जेल विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत और राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित उनके पिता सोहन लाल जांगड़ा ने बताया कि उनका बेटा भारत जांगड़ा राजस्थान में न्यायाधीश बना है, जिसने ऑल इंडिया में छठा रैंक हासिल किया है।

उन्होंने बताया कि बेटा भारत जांगड़ा दिन रात पढ़ाई करता था और उसे सोने के लिए भी बार-बार कहना पड़ता था। पिता ने बताया कि उनका बेटा भारत जांगड़ा पहली कक्षा से ही टॉपर रहा है और 10वीं और बारहवीं कक्षा में जिले में टॉपर रहा है। साथ ही पंजाब यूनिवर्सिटी से गोल्ड मेडल भी हासिल किया है और इसके अलावा भी कईं प्रतियोगिताओं में टॉपर रहा है।

## रिहायशी मकान में आग लगने से जला हजारों रुपये का सामान

- जगाधरी की लोहरान गली में एक मकान में अचानक लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जगाधरी की लोहरान गली में सोमवार सुबह एक रिहायशी मकान में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेजी से फैली की घर में रखा हजारों का सामान जलकर राख हो गया।

लोहरान गली निवासी हर्ष ओबराय ने बताया कि सोमवार सुबह परिवार के लोग अपने काम धंधे पर जाने के लिए तैयार हो रहे थे। इस दौरान उन्होंने घर से भीतर से धुआं उठता हुआ दिखाई दिया। धुआं देखकर जैसे ही वह उसकी और दौड़े तो घर में आग लगी हुई थी और लपटें तेजी से फैल रही थी। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों ने तुरंत घर की छत पर चढ़कर पानी डालना शुरू किया और आग बुझाने का प्रयास किया। साथ ही दमकल विभाग को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि जब तक आग को बुझाया गया तब तक घर के अंदर रखा हजारों रुपये का फर्नीचर, कपड़े, इलेक्ट्रानिक सामान, रसोई का सामान और जरुरी दस्तावेज जलकर राख हो गए थे।



जगाधरी में रिहायशी मकान में आग लगने के बाद जला हुआ सामान।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने परिजनों को सौंपे दोनों मृतकों के शव

**घरौंडा।** बीती रात हरियाणा रोडवेज की बस ने बाइक पर सवार दो युवकों को कुचलने के मामले में पुलिस ने दोनों शवो का पोस्टमार्टम करवा कर वारिसों को सौंप दिए हैं। लेकिन बस का ड्राईवर अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि रविवार की रात को गांव गढ़ शरनाई निवासी इंद्र कुमार व उसका साथी सचिन कुमार बाइक पर सवार हो कर पानीपत की ओर जा रहे थे। अग्निशमन केंद्र के सामने पुराने बस स्टैंड के पास हरियाणा रोडवेज रोहतक डिपो की बस जोकि चंडीगढ़ से रोहतक जा रही थी। बस चालक ने लापरवाही से बाइक को टक्कर मार दी थी। जिसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने दोनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम करवाने के लिए करनाल अस्पताल में भेज दिया था। बस चालक की लापरवाही से दो युवकों की मौत के बाद लोग आक्रोशित हो गए थे और उन्होंने बस पर पथराव कर जाम लगा दिया था। पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद जाम खुलवा कर यातायात को सुचारू रूप से किया था। पुलिस ने सोमवार को दोनों शवो का पोस्टमार्टम करवा कर वारिसों को सौंप दिया है।

### गणित दिवस पर प्रदर्शनी का किया आयोजन

**करनाल।** जिला शिक्षा विभाग करनाल की ओर से ब्लॉक संसाधन कार्यालय करनाल में गणित दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय गणित मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा के मार्गदर्शन तथा जिला गणित विशेषज्ञ सुमित मान के नेतृत्व में किया गया। जिला गणित विशेषज्ञ सुमित मान ने बताया कि खंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 18 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। गणित दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गणित से संबंधित विभिन्न मॉडलों की प्रदर्शनी का अवलोकन जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा तथा खंड शिक्षा अधिकारी सीमा मदान ने किया गणित सोच और तर्क की कला सिखाता है। मॉडल टाउन करनाल विद्यालय के अमन, अरमान व सूरज ने प्रथम स्थान, पीएम श्री कुटेल विद्यालय की नगमा व अंशिका ने द्वितीय स्थान तथा पीएम श्री नीलोखेड़ी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### भारतीय शिल्प को मिला आधुनिक स्वरूप

**करनाल।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर के इस वर्ष के संस्करण का समापन एक भव्य और रचनात्मक प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें भारतीय शिल्प को नई सोच और आधुनिक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि शिल्प केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि समय के साथ निरंतर विकसित होने वाली जीवंत कला है। डिज़ाइनर अनामिका खन्ना का संग्रह बना आकर्षण का केंद्र कार्यक्रम में प्रसिद्ध डिज़ाइनर अनामिका खन्ना के संग्रह ने विशेष ध्यान खींचा। उनके डिज़ाइनों में पारंपरिक कढ़ाई, हस्तशिल्प और पारंपरिक तकनीकों को आधुनिक आकार, संरचना और शैली के साथ जोड़ा गया।

### विधि-विधान से हुआ श्रीमद्भगवत गीता चौक का शिलान्यास

# श्रीमद्भगवत गीता हमें नेक बनो, एक बनो का देती है संदेश : स्वामी ज्ञानानंद

**सोमवार से गाड़ी वाले चौक का नाम श्रीमद्भगवद गीता चौक हो गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने मेरठ-करनाल मार्ग स्थित गाड़ी वाला चौक पर विधि-विधान से भूमि पूजन कर आधारशिला का शिलान्यास किया। सोमवार से गाड़ी वाला चौक का नाम श्रीमद्भगवद गीता चौक हो गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता केवल हिंदू धर्म या भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समस्त विश्व और सभी प्राणियों के लिए है। गीता हमें नेक बनो और एक बनो का संदेश देती है। उन्होंने बताया कि हस्तिनापुर से कुरुक्षेत्र के युद्ध में जाने का यह मुख्य मार्ग रहा है और यह चौराहा कुरुक्षेत्र और हस्तिनापुर के मध्य स्थित है, इसलिए इसका नामकरण अत्यंत सार्थक है। स्वामी जी ने स्पष्ट किया कि गीता युद्ध का नहीं, बल्कि शांति और वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देती है। भूमि पूजन और शिलान्यास के दौरान स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कस्बे के पूर्व निवासी खुर्शीद आलम का नाम लेते हुए कहा कि गाड़ी वाला चौक को गीता चौक नाम दिलाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम से पूर्व पंडित वासुदेव द्वारा मंगलाचरण कर भूमि पूजन संपन्न कराया गया। महामंडलेश्वर स्वामी का स्वागत एसडीएस कॉन्वेंट स्कूल की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक अंदाज में किया गया। छात्राओं के स्वागत से प्रभावित होकर स्वामी जी ने शिक्षा और संस्कारों को समाज की नींव बताया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप, शामली नगर पालिका परिषद् के अध्यक्ष अरविंद संगल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश गोयल, अमित शर्मा, राहुल देव गुप्ता भाजपा वरिष्ठ नेता, सतीश कश्यप, श्रीपाल आर्य प्रबंधक एसडीएस कान्वैंट स्कूल, अनिल गर्ग, चरणदास, अनिल संगल, विनोद संगल व्यपार मण्डल अध्यक्ष, बाबर हुसैन कद्दूसी सरजज्दा दरगाह शाह अब्दुल रजाक, प्रमोद सरोहा प्रबंधक सैंट आरसी कान्वैंट स्कूल, इकराम सिद्की सभासद, नरेन्द्र कश्यप सभासद, वजहात अल्ली खान भाजपा नेता, विनोद रोहिल्ला भाजपा कार्यकर्ता, रामकुमार कश्यप, सचिन जैन भगत जी जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पाटी अल्पसंख्याक मोर्चा शामली, नवीन बिंदल, रज्जाक नगर के प्रधान सोरज कश्यप, रत्न लाल रसिक, बाबर कुद्दूसी, शायर वसीम कुरेशी, संदीप कुमार, शोभित, गोपाल बिंदल, रुपेश शर्मा, आशु शर्मा, अर्जुन शर्मा, अनिल, शिव कुमार मैम्बर, आरएसएस जिला संचालक देशपाल, जिला कारवाह दीवाकर, खुर्शीद आलम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने गीता मनीषी जी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।


करनाल। श्रीमद्भगवत गीता चौक का शिलान्यास करते राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज।

**शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति को भी ग्रहण करें विद्यार्थी**

महाराज जी ने इस अवसर पर समाज को संदेश देते हुए कहा कि हमें ऐसे व्यवहारिक और समाजिक कार्यक्रम समय-समय पर करते रहना चाहिए जिससे भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई देती हो। छात्र-छात्राओं को आशीष वचन देते हुए गीता मनीषी जी ने कहा कि आप सब शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति को भी ग्रहण करें। संस्कृति ही क्षेत्र, स्कूल, कॉलेज के साथ देश की पहचान बनाती है। हमारे पूर्वजों ने हमें शिक्षा के मन्दिर जो शिक्षा ग्रहण करने के लिए दिए हैं, हमें यहां से संस्कार लेकर जाना चाहिए। गीता मनीषी जी ने अरविंद संगल चेयरमैन नगर पालिका परिषद् शामली की ओर संकेत करते हुए कहा कि करनाल से झिंझाना और झिंझाना से शामली आता है चेयरमैन शामली के मन में भी जियो गीता के नाम से एक चौक का नामकरण करने का जो प्रस्ताव दिया हुआ है व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकाल कर शामली में भी जल्द ही जियो गीता चौंक का शिलान्यास किया जायेगा। गीता चौंक पहुंचने से पहले यमुना पुल बिडोली पर आईटी सैल के जिला प्रमुख करनाल विकास राणा, वरिष्ठ पत्रकार मुर्शरफ राणा आदि ने अपने साथियों के साथ राष्ट्रीय संत महामण्डलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानन्द जी पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। और गीता चौंक झिंझाना पर पहुंचते ही महाराज जी का जयकारों के नारों से स्वागत किया गया।

# मनरेगा का नाम बदलना गरीबों के अधिकारों पर अधात : वैध



■ पीएम पर लगाया रोजगार खत्म करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य व जिला करनाल कांग्रेस ग्रामीण के जिला अध्यक्ष डॉ. राजेश वैध वाल्मीकि ने कहा की हर हर हाथ को काम दो, काम का पूरा दाम दो इस क्रांतिकारी नारे के साथ, 23 अगस्त 2005 के दिन भारत की संसद ने सर्वसम्मति से दुनिया की सबसे बड़ी काम की गारंटी देने वाली स्कीम मनरेगा का कानून पारित किया था। पहली बार केंद्र मे कांग्रेस सरकार ने परिवार के एक इच्छुक सदस्य को 100 दिन का रोजगार देने की कानूनी गारंटी दी थी। कांग्रेस जिला प्रधान राजेश वैध वाल्मीकि ने कहा कि इसके अद्भुत परिणाम सामने आए। लेकिन नए वीबी जी राम जी विधेयक में केंद्र सरकार हर राज्य के लिए फंड का आवंटन निर्धारित करेगी। मोदी सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड देखते हुए यह कहने में कोई संशय नहीं है कि भाजपा शासित राज्यों और गैर भाजपा शासित राज्यों के आवंटन में क्या अंतर होगा? इस बार एक ऐसे कानून के साथ खिलवाड़ किया गया है, जो आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन का आधार बना। मोदी गरीब मजदूरों को दी गई उस मजबूत गारंटी को खत्म कर रहे हैं-जिसकी शुरुआत सर्वदलीय स्वीकृति से हुई थी।

# मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में सड़कों पर उतरेगी भाकपा



■ पूरे देश में प्रदर्शन कर जताया जाएगा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हरियाणा राज्य महा सचिव कामरेड दरियाव सिंह कश्यप व राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला सचिव कामरेड पवन कुमार सैनी एडवोकेट ने एक संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता सीन केंद्रीय सरकार के द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की जगह एक नया ग्रामीण रोजगार बिल लाने के कदम का सी पी आई कड़ा विरोध करती है। इस ऐतिहासिक कानून से महात्मा गांधी का नाम जान बूझकर हटाना सिर्फ एक प्रशासनिक बदलाव ही नहीं है, बल्कि यह एक घटिया , गहरा फासीवादी वैचारिक कदम है।

# सम्मान दिवस पर नंबरदारों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

नंबरदार एसोसिएशन विचार मंच इंद्री द्वारा मटक माजरी पंचायत घर में सम्मान दिवस समारोह आयोजित कर नंबरदारों को सम्मानित किया गया । समारोह की अध्यक्षता नंबरदार एसोसिएशन विचार मंच के प्रधान मेहर सिंह ने करते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव के वक्त नम्बरदारों के साथ किए गए वायदों को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि लाडवा, कुरुक्षेत्र, रादौर व इंद्री सहित प्रदेश भर के नंबरदार सीएम से मिलकर उनके द्वारा नंबरदारों के साथ किया वायदा पूरा करने की मांग कर चुके हैं। सीएम नंबरदारों को आश्वासन दे रहे है कि नंबरदारों की मांगें जायज है, सब उनके संज्ञान में है मांगों को जल्द ही पूरा किया जाएगा। उन्होने कहा कि यदि नंबरदारों की मांग पूरी नहीं गई तो नंबरदारों को अपने हकों के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाने पर विचार करना पड़ सकता है। इस मौके पर नंबरदार प्रदीप कांबोज, किरण कांबोज, राजबीर सिंह, जगपाल सिंह, जयसिंह, बीरबल पाल, रणबीर पाल, सतबीर कांबोज, ओमपाल मढ़ाण, जोगिन्द्र सिंह, धर्मचंद कांबोज, सेवाराम, रामपाल कांबोज, सुभाष चंद आदि रहे।


इंद्री मे नंबरदारों को सम्मानित करते नंबरदार एसोसिएशन विचार मंच के सदस्य।

**सरकार पर लगाया अनदेखी का आरोप**

मेहर सिंह ने कहा कि सरकार ने नंबरदारों पर 60 साल के नंबरदार का मेडिकल और 75 वर्ष के बाद नंबरदारों की सेवाएं समाप्त करने का पत्र नंबरदारों पर थोपकर नंबरदारों के सम्मान को कम करने का काम किया है । सरकार के इस पत्र का प्रदेश के नंबरदारों द्वारा विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ तो वृद्धों का सम्मान बढ़ाने का काम करने का दावा कर रही है, लेकिन दूसरी तरफ 75 साल तक जनसेवा में अपनी सेवाएं दे चुके नंबरदारों को सेवामुक्त कर उनका मानदेय बंद कर रही है। जबकि इसकी अधिक जरूरत है।

# रामकुमार कश्यप ने विधानसभा में चौकीदार और सफाई कर्मियों की कमी का मुद्दा उठाया

■ स्कूलों में सफाई व्यवस्था को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने विधानसभा शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन दो प्रमुख समस्याओं को सदन के सामने प्रभावी ढंग से रखा। उन्होंने विशेष रूप से सरकारी स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। विधायक रामकुमार कश्यप ने सदन को अवगत कराया कि स्कूलों में कीमती सामान रखा होता है। चौकीदारों की कमी के अभाव से स्कूलों में चोरी हो जाती है। स्कूलों में चौकीदार न होने के कारण स्कूल की संपत्ति की सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़ा होता है। उन्होंने मांग करते हुए कहा, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए तुरंत नियुक्तियां की जाएं और बोले कि स्कूलों में सफाई व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता हो। सफाई कर्मचारियों के अभाव में छात्रों को स्वच्छ वातावरण नहीं मिल पाता, जो उनके स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए अनिवार्य है। सदन में अपनी बात रखते हुए विधायक ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और एक स्वच्छ शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना मेरी और प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।


इंद्री। विधानसभा में समस्याएं रखते विधायक रामकुमार कश्यप।



**विद्यार्थियों ने दिखाया उद्यमिता कौशल**

**करनाल।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय सेक्टर-13 में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तहत जिला स्तरीय कुशल बिजनेस चेलेंज 2.0 राउंड-2 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डीपीसी ज्योत्सना मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें जिले के 10 प्रतिभागी विद्यालयों ने भाग लिया। जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा और डीपीसी ज्योत्सना मिश्रा ने प्रतियोगिता के अंतर्गत एनएसक्यूएफ के तहत लगाई गई स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि यह कौशल बिजनेस चेलेंज कार्यक्रम हरियाणा सरकार द्वारा विद्यार्थियों में उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है, जिसमें 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थी नए-नए बिजनेस आइडिया प्रस्तुत कर रहे हैं। प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय विद्यालय शेखपुरा सोहना ने प्रथम स्थान, अंगोंध विद्यालय ने द्वितीय स्थान और पीएम श्री राजकीय विद्यालय कोहंड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर एपीसी अंजू, एपीसी सचिन, सतेन्द्र तिवारी, चांदनी आदि मौजूद रहे।

# महान गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन को राष्ट्रीय गणित दिवस पर याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

आज राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर महान भारतीय गणितज्ञ श्री निवासन रामानुजन को उनकी जन्म दिवस पर बच्चों तथा स्टाफ ने पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। श्रीनिवासन का जन्म 22 दिसंबर 1887 को इरोडू तमिलनाडु में हुआ। उन्होंने गणित की उच्च शिक्षा के बिना ही 3900 से अधिक गणित सिद्धांत तर्कपूर्ण प्रमाणित किये। इस अवसर पर निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा जो कि खुद भी गणित के वरिष्ठ शिक्षक हैं ,ने विद्यार्थियों तथा स्कूल के अन्य गणित अध्यापकों को श्रीनिवासन की उपलब्धियां की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 32 वर्ष की अल्पायु में उनका स्वर्गवास हो गया था। उनके गणित के तथ्य प्रोफेसर हार्डी ने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी लंदन में प्रस्तुत करवाए। वहां के सभी गणितज्ञ इस बात से हैरान थे कि उनके सटीक गणित सिद्धांतों का वर्णन भारत में उच्च शिक्षा के अभाव में कैसे संभव हुआ। इस अवसर पर मुनीश,सुनीता गाबा,भवनीश, दीपक ,काजल ,अंजू, डिंपल,सुनीता लांबा, गीता ,कविता हिंदुजा, अमन कुमार आदि अध्यापक उपस्थित रहे।



तरावड़ी। श्रीनिवासन की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते स्कूल स्टाफ व बच्चें ।



**करनाल क्लब में सुर उत्सव का आयोजन**

करनाल। चाहत कराओके अकादमी की ओर से करनाल क्लब में सुर उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करनाल के अलावा चंडीगढ़, जालंधर, पंचकूला और कुरुक्षेत्र से आए गायकों ने भाग लिया और पुराने गीतों की प्रस्तुति देकर देश के महान गायकों को याद किया। इस अवसर पर अकादमी के संचालक रहे स्वर्गीय विनोद वर्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। टीम मैनेजर किरण चड्ढा की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के अध्यक्ष संजय बठला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय बठला ने कहा कि संगीत व्यक्ति को तनाव से दूर रखता है। यदि कोई तनाव में है तो गीत-संगीत के माध्यम से स्वयं को मानसिक रूप से सशक्त बना सकता है। उन्होंने कहा कि देश के महान गायकों ने गीत-संगीत के जरिए भारत की पहचान पूरी दुनिया में बनाई है। कार्यक्रम मैनेजर किरण चड्ढा ने बताया कि अकादमी द्वारा समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे शहरवासी अपनी गायन प्रतिभा को मंच पर प्रस्तुत कर सकें।

# गैलेक्सी परिवार की ओर से श्री द्वारिका धाम में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

■ आज किया जाएगा रवाना ट्रंको द्वारा भंडारे के राशन व समान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

गुरुजनों के आशीर्वाद से व माता पिता की स्मृति मे गैलेक्सी बासमती चावल के निर्माता गोयल इन्टरनैशनल प्रा. लि. परिवार की ओर से श्री द्वारिका धाम मे श्रीमद् भागवत सप्ताह यज्ञ व विशाल अखंड भंडारे का किया जा रहा है। गैलेक्सी ग्रुप के एमडी विजय गोयल व कृष्ण गोयल ने बताया कि श्री ठाकुर जी की असीम कृपा से और गुरुजनों के आशीर्वाद से शनिवार 27 दिसम्बर से 2 जनवरी तक श्री स्वामी नारायण मन्दिर नजदीक सब्जी मंडी, गोमती रोड़, द्वारिका देवभूमि गुजरात में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ व अखंड भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे 27 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे कलश यात्रा निकाली जायेगी जोकि कथा स्थल पर संपन्न होगी। जिसमें यज्ञाचार्य प्रमोद शास्त्री महायज्ञ करवायेगें व विश्व प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य रजनीश जी वाले अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं के समक्ष द्वारिकाधीश जी की कथा का वर्णन करेंगे। उन्होने बताया कि हम अपने पूर्वजों व माता पिता के आशीर्वाद से आज इस कार्यक्रम को करवाने मे सक्षम हुये है। उनका हमेशा हमारे परिवार पर आर्शीवाद बना रहता है। इसके अलावा 31 दिसम्बर रात्रि 8 बजे से श्री ठाकुर जी की इच्छा तक भजन संध्या का कार्यक्रम होगा।


तरावड़ी गैलेक्सी इंटरनेशनल प्रा. लि. के कृष्ण गोयल, अक्षत गोयल कथा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### अबेकस और वैदिक गणित की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में करनाल छाया

# चैंपियनशिप में सुखलीन और अवी सिंगला श्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अबेकस और वैदिक गणित की राष्ट्रीय स्तरीय चैंपियनशिप 2025 नवंबर में आयोजित की गई थी जिसका पुरस्कार वितरण समारोह 22 दिसंबर को आईआईटी दिल्ली में किया गया। यह चैंपियनशिप और समारोह का आयोजन ए.वी.ए.एस. और आई.आई.वी.ए. संस्थाओ द्वारा किया गया जो कि राष्ट्रीय स्तर पर अबेकस और वैदिक गणित की एक मात्र सरकार द्वारा अनुमोदित संस्था है जो की स्किल इंडिया मिशन तथा एन एस डी सी के साथ मिलकर कौशल विकास के लिए कार्यरत है। यह संस्था 4 से 18 साल के बच्चों को बहुत सी स्किल सिखाती है जिनमें अबेकस, वैदिक गणित और रूबिक्स क्यूब जैसी कुछ स्किल शामिल है। यह संस्था ये स्किल बहुत से स्कूलों में भी चला रही है जिससे हर विद्यार्थी को इसका फायदा हो रहा है। इस संस्था से संबद्ध संस्थान आई-शाइन - द हॉलिस्टिक लर्निंग हब, करनाल जिले के 60 बच्चों ने इस चैंपियनशिप में भाग लिया है जिनमें करनाल, तरावड़ी व नीलोखेड़ी के बच्चे भी शामिल हैं। इनमें से 33 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार मिले हैं। 5 छात्र सुखलीन कौर, अवी सिंगला, सुमायरा गुप्ता, विदित मिगलानी व अश्विका गोयल को राष्ट्रीय चैंपियन का पुरस्कार 22 दिसंबर को आईआईटी दिल्ली में दिया गया। आई-शाइन इंस्टीट्यूट के संचालक आदित्य भारद्वाज और गरिमा भारद्वाज जो कि करनाल जिले के प्रमुख हैं, उन्होंने हर विद्यार्थी के जीवन में अबेकस या वैदिक गणित जैसे स्किल के महत्व के बारे में बताया जो कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का भी एक सपना है। कार्यक्रम में आईपीएस डॉ किरण बेदी, डॉ हिमांशु गुप्ता (सचिव सीबीएसई), श्री कुलभूषण शर्मा (अध्यक्ष निसा), एमडी श्री राजेश गुप्ता, निदेशक श्री पुनीत आहूजा भी उपस्थित थे।


करनाल। विजेताओं को पुरस्कृत करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

**डॉ किरण बेदी ने विजेताओं को किया पुरस्कृत**

ये पुरस्कार डॉ किरण बेदी द्वारा दिये गए। साथ ही प्रथम स्थान अयाना गोयल, प्रीषा, गिरिक शर्मा, सायेशा मुंजाल, सानवी सचदेवा, धृति भारद्वाज, दिव्यम नरवाल, हार्दिक, तर्ष गुप्ता, जिशान यादव, काव्या गोयल, आरोही चौबे, अरात्रिका सिंह को मिला, द्वितीय स्थान इनाया गिरधर, जयसवी नालियाथ, रूहान सचदेवा, दिविज मित्तल, खिलेश, यथार्थ मेहता, यशिव कादियान, मोक्षा, चैंसी मित्तल, विवान राघव व तृतीय स्थान रायनवीर अरोड़ा, सारांश, आनिया, अयान, सृष्टि ने हासिल किया।

## खबर संक्षेप

### प्रशासन ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**पानीपत।** जनता समाधान शिविर के अंतर्गत सोमवार को जन शिकायतों की सुनवाई की गई। वहीं, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि जनता द्वारा दर्ज की गई प्रत्येक शिकायत प्रशासन के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी नागरिक की समस्या को हल्के में नहीं लिया जाएगा। हर शिकायत की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी और लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

### छात्रवृत्ति को आवेदन मांगें 28 फरवरी अंतिम तिथि

**पानीपत।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अन्त्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा द्वारा अनुसूचित जाति के छात्रों हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति (डीएनटी) के छात्रों हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (पीएम यशस्वी घटक-2) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एनएसपी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाने हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित की गई है।

### सरपंचों का दल हरिद्वार के लिए रवाना

**पानीपत।** पंचायती राज व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की दिशा में जिला पानीपत से उत्तराखंड के हरिद्वार के लिए पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट प्रोग्राम का सोमवार को शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डॉ. किरण सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद एवं डी.आर.डी.ए. ने लोक निर्माण विभाग के जी.टी. रोड स्थित विश्राम गृह से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम में जिला पानीपत से 43 सरपंचों आदि है।

### लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** नशा मुक्ति समाज सुधार समिति ने हनुमान कॉलोनी और डाबर कॉलोनी में जनसंपर्क करके लोगों लोगों को नशे के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस अवसर पर समिति के संयोजक सतपाल राणा, भोपाल सिंह राठी, मनोज गर्ग, मदन सिंह यादव, प्रदीप राणा, सुरेंद्र कबीरपंथी, नरेंद्र कबीरपंथी, राजवीर, भीम सिंह, श्याम सिंह, तेजवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मशरूम की खेती करें मिलेगा अुनदान

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में बागवानी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष अनुदान योजनाएं लागू की गई हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत मशरूम एवं आधुनिक तकनीक आधारित खेती के लिए किसानों को आकर्षक आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। वहीं, मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मशरूम झोपड़ी निर्माण हेतु 22,500 से 25,500 रुपये तथा मशरूम ट्रे पर 15,000 से 25,500 रुपये प्रति किसान की सहायता प्रदान की जा रही है।

### वोटर लिस्ट को सहयोग मांगा

**पानीपत।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची को दुरुस्त करने का कार्य जारी है। इस प्रक्रिया के तहत जिले के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वर्ष 2002 की मतदाता सूची के डेटा का वर्तमान मतदाता सूची से मिलान किया जा रहा है। इधर, उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि यह कार्य बूथ लेवल ऑफिसर के माध्यम से बीएलओ ऐप पर किया जा रहा है। डॉ. दहिया ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा द्वारा इस कार्य की प्रतिदिन निगरानी की जा रही है तथा प्रगति रिपोर्ट भी नियमित रूप से भेजी जा रही है।

---

वामपंथियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया

# मनरेगा योजना का नाम बदलने पर जताया रोष, सौंपा ज्ञापन

- मोदी सरकार का पुतला दहन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

वामपंथी पार्टियों ने देशव्यापी अभियान के तहत भाजपा नेतृत्व वाली मोदी सरकार द्वारा रोजगार गारंटी कानून खत्म करने के विरोध में लघु सचिवालय पर मोदी सरकार का पुतला दहन करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उपायुक्त के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार सौरव शर्मा को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव का. दरियाव सिंह कश्यप, माक्र्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य का. सुनील दत्त, जिला सचिव डॉ.सुरेंद्र मलिक, सीपीआई जिला सचिव पवन सैनी एडवोकेट, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव राजपाल, कोषाध्यक्ष कंवर सिंह छौक्कर, उप प्रधान दिलावर सिंह राठी, सीताराम शर्मा, खेत मजदूर यूनियन के राज्य के संयुक्त सचिव एवं जिला सचिव राजेंद्र छौक्कर, उप प्रधान ओमपाल, सीटू जिला सहसंयोजक बंटी, सीटू नेता जय भगवान, रामकुमार यादव, नवीन सपरा, खेत मजदूर यूनियन हरियाणा जिला प्रधान भूपेंद्र कश्यप आदि ने किया।



पानीपत । के जिला सचिवालय पर प्रदर्शन करते हुए वामपंथी नेता।

### पैक्स कर्मियों ने प्रदर्शन किया

**पानीपत।** पैक्स कर्मचारी संघ पानीपत के बैनर तले कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में जिला सहकारी बैंक पानीपत के मुख्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया। वहीं पैक्स कर्मचारियों की वेतनमान विसंगति दूर करने व बैंक में प्रमोशन करने की घोषणाएं पूरी करने की मांग प्रदेश सरकार से की। प्रदर्शन में प्रधान बिजेंद्र सिंह, उप प्रधान सुभाष मतलौडा, महासचिव जगत सिंह, सुलतान सिंह देसवाल, बलराज आदि ने भाग लिया।

### रिटायर्ड कर्मियों की मांगें पूरी हो

**पानीपत।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ, पानीपत के जिला प्रधान शीशपाल मलिक ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार से मांग की है पेंशन संबंधी वित्ती विधेयक 2025 को तुरंत वापस लेने, रिटायर्ड कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग के सभी लाभ पूर्व की भांति दिए जाने, सभी सरकारी व पैनल वाले अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा देने की मांग की है।

### प्रॉपर्टी कंसल्टेंट के घर से नगदी व जेवर चोरी

*पानीपत। पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 निवासी प्रॉपर्टी कंसल्टेंट विशाल चहल के घर से चोर नगदी, सोने व चांदी से बने जेवर चोरी कर ले गए। वहीं, विशाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे अपने परिवार के साथ 17 दिसंबर को परिवार के साथ पुणे गए थे, 21 दिसंबर की रात करीब ढाई बजे वापस लौटे तो घर के मुख्य दरवाजों के ताले टूटे हुए मिले। घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। वहीं चोर उनके घर से सवा चार लाख रूपये की नगदी, करीब 199 ग्राम सोना से बने जेवर, करीब डेढ किलो चांदी से बने बर्तन व गहने, जेंट्स घड़ी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी चोरी कर ले गए। इधर, सबूत मिटाने के उद्देश्य से चोर सीसीटीवी का डीवीआर (सीपी प्लस) भी अपने साथ ले गए।*

---

कार्यक्रम दिल्ली के भारत मंडपम में होगा

## भारत यंग लीडर्स में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगी दिव्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



केंद्र सरकार द्वारा आयोजित करवाए जा रहे विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 कार्यक्रम तहत राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले आयोजन में आर्य कॉलेज की होनहार छात्रा दिव्या हरियाणा प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए कॉलेज के साथ-साथ अपने जिले पानीपत व हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन करेगी। उपरोक्त जानकारी कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने देते हुए बताया कि भारत को सन 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के तहत भारत सरकार द्वारा युवाओं को आगे लाने के लिए विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आर्य कॉलेज की एमए अंग्रेजी के प्रथम वर्ष की छात्रा दिव्या हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगी।

### अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं किसान-डॉ वीरेंद्र

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया से भारतीय किसान यूनियन के स्थानीय प्रतिनिधियों के शिष्टमंडल ने सोमवार को जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में मुलाकात कर किसानों से जुड़ी लंबित समस्याओं को उनके समक्ष रखा और शीघ्र समाधान की मांग की। वहीं, बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने शुगर मिल में रैंप बनवाने, सिवाह से पानीपत तक बिजली की तारों को हटवाने, बुडशाम के कच्चे रास्ते पर पोल को हटवाने, इसराना क्षेत्र में बंद पड़े इफ्को केंद्र को पुनः शुरू करने की मांग की। वहीं, डॉ दहिया दहिया ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। वहीं किसानों की हर संभव मांगों को पूरा किया जाएगा और गन्ने का भुगतान तेजी से करवाया जाएगा। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के प्रधान दिलबाग सिंह, उपप्रधान अंकित, युवा प्रधान बिंटू मलिक, जयकुमार, वेद दीवाना, रणवीर आदि उपस्थित रहे।

---

## रामचंद्र दास की पुण्यतिथि पर बही प्रवचनों की गंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सतगुरु कबीर आश्रम में उदित मुनि नाम साहेब लहरतारा धाम काशी एवं रामचंद्र दास की पुण्यतिथि पर सत्संग एवं भंडारा का आयोजन किया गया। वहीं आश्रम में महंत ज्ञानेश्वर दास के साथ साधु व साध्वी, बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

इधर, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा प्रांत के संघ प्रचारक महेंद्र कंसल व उनके साथ मुकेश मास्टर, वार्ड नौ के पार्षद नवल जिंदल, अंतर्राष्ट्रीय वाल्मीकि आर्मी की जिला अध्यक्ष बबीता राणा ने की शिकरत की। जबकि ट्रस्ट की कमेटी द्वारा अतिथियों को माला पहना कर व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। जबकि पार्षद नवल जिंदल ने सतगुरु कबीर साहेब गेट और उस पर भव्य प्रतिमा सतगुरु कबीर साहेब की लगवाने का आश्वासन दिया। सतगुरु कबीर पंथ आश्रम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सुभाष चंद कबीरपंथी ने सभी अतिथियों व सहयोगियों का आभार जताया।


पानीपत। कबीर पंथ आश्रम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सुभाष चंद कबीरपंथी अतिथियों का स्वागत करते हुए।

### स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह का जन्मदिवस मनाया

रादौर । जाटसभा रादौर द्वारा सोमवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह का 123वां जन्मदिवस मनाया गया। इस दौरान सभा के सदस्यों ने पूर्व प्रधानमंत्री की फोटो पर पुष्प अर्पित किए। जाटसभा के प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों के हितों के लिए संघर्ष में बिताया। वह एक महान व्यक्तित्व के स्वामी थे। जो किसान, मजदूर के हितों की लड़ाई लड़ने में विश्वास रखते थे। किसानों को उन पर गर्व है। उन्होंने किसानों को जागरूक किया था और अपने हितों के लिए लड़ना सिखाया था। आज उनकी बदौलत किसान जागरूक होकर अपने हितों की लड़ाई लड़ रहा है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर कार्य करना चाहिए। उनकी शिक्षाएं किसानों के लिए मार्गदर्शन का काम कर रही है।

मैक्स हॉस्पिटल द्वारका दिल्ली के डॉक्टरों ने की मरीजों की जांच

## समालखा में नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा

- विधायक मनमोहन भडाना के सहयोग से लगाया गया हेल्थ चेकअप कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा।

समालखा शहरी मंडल भाजपा रेखा गोयल व वार्ड एक के पार्षद संजय गोयल की देख रेख में विधायक मनमोहन भडाना के सहयोग से समाज सेवा समिति अस्पताल में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। कैंप में मैक्स हॉस्पिटल द्वारका दिल्ली के हड्डी रोग व दिल के रोग विशेषज्ञ द्वारा सौ से अधिक नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा।

वहीं, कैंप का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि जसराज भट्टी ने एमएलए के मामा भी साथ उपस्थित में किया। कैंप में सतवीर गुप्ता, राजू बजाज, दीपक चोपड़ा, राजेंद्र रोहिल्ला, श्याम लाल गोयल, संदीप धीमान, पदम सोनी, मनीष बेनीवाल पार्षद, अनिल बेनीवाल प्रधान माता मंदिर, सतपाल पार्षद, अनिल बेनीवाल, अशोक रोहिल्ला, सोनू छौकर पट्टीकल्याणा, सतबीर, अशोक पांचाल आदि उपस्थित रहे।


समालखा । में मेडिकल कैंप का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण।

---

जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र भेंट करना पुण्य कार्य :ईसम पांचाल

## साधु-संतों को सर्दी से बचाव को गर्म वस्त्र भेंट किए


पानीपत। विश्वकर्मा पांचाल सभा के पदाधिकारी, साधुओं को गर्म वस्त्र बांटते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा एवं वार्ड नंबर छह की पार्षद कोमल पांचाल के ससुर ईसम कुमार पांचाल ने अपने पौत्र के जन्म होने की खुशी में शुक्रताल, हरिद्वार एवं देवप्रयाग में 151 साधु संतों को गर्म जैकेट एवं शाल वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं संतों द्वारा ईसम पांचाल व उनके नवजात पौत्र के हमेशा स्वस्थ्य व लम्बी आयु की कामना की। प्रधान ईसम पांचाल ने कहा कि जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र भेंट करना पुण्य कार्य है।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा गोहाना रोड के प्रधान राजकुमार पांचाल माजरी, अध्यक्ष विनोद पांचाल, मीडिया प्रभारी मोहन लाल, सचिव रविंद्र मंडावर, सतीश पांचाल आदि उपस्थित रहे।

## डेरा प्रेमियों ने विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री भेंट की

- पानीपत के गांव नांगलखेडी की ब्लॉक स्तरीय नाम चर्चा का आयोजन दलवीर कॉलोनी में किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव नांगलखेडी की ब्लॉक स्तरीय नाम चर्चा का आयोजन दलवीर कॉलोनी में किया गया। नाम चर्चा की शुरुआत ब्लॉक प्रेमी डॉ.सत्यवीर इंसा ने दरबार का पवित्र नारा धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा लगाकर की। सत्यवीर इंसा ने कहा संगत सतगुरु का स्वरूप है। संगत की सेवा करने से संगत के दर्शन करने से एमएसजी दातार के दर्शन हो जाते हैं। नाम चर्चा में कविराजों ने शब्दवाणी लगाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। सेवादार सतपाल इंसा ने बताया कि ऐसी रुहें जो सर्दी की परवाह ना करते हुए राम नाम की चर्चा में आकर बैठी हैं धन्य हैं। वहीं सर्दी में भी डेरा सच्चा सौदा के सेवादार दिन-रात लोगों की मदद में जुड़े हुए हैं। आज भी ब्लॉक के सेवादारों ने अपने नेक कमाई से छोटे बच्चों को पढ़ाई के लिए स्टेशनरी दी है।


पानीपत ।डेरा प्रेमी, जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटते हुए।

## क्लेट की परीक्षा में ऑल इंडिया 50 वीं रैंक मिली

गर्वित कौशिक की हरियाणा में पांचवीं रैंक रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- पिता अनुज कौशिक पानीपत रिफाइनरी के विद्युत एवं उपकरण विभाग में सीनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट के पद पर कार्यरत



दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत रिफाइनरी के बारहवीं कक्षा के छात्र गर्वित कौशिक ने क्लैट 2026 एवं ऐलेट 2026 परीक्षाएं उत्तीर्ण करके अपने स्कूल एवं पानीपत जिले का मान बढ़ाया है। क्लैट की परीक्षा जहां देश के सर्वोच्च लॉ यूनिवर्सिटीज में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है, वहीं ऐलेट की परीक्षा एनआईआरएफ रैंकिंग में द्वितीय स्थान रखने वाली नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली में प्रवेश दिलाती है। गर्वित कौशिक ने क्लैट की परीक्षा में ऑल इंडिया 50 वीं रैंक हासिल की, वहीं हरियाणा राज्य में उसकी रैंक पांचवीं रही।

गर्वित के पिता अनुज कौशिक पानीपत रिफाइनरी के विद्युत एवं उपकरण विभाग में सीनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं। परिवार में उनकी माता ऋतु कौशिक, जो कि गृहिणी हैं, के अलावा एक बड़ी बहन हैं और वह भी कानून की छात्रा हैं।

---

बलिदान दिवस | सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे

## चौ. चरण सिंह ने किसानों को आत्मसम्मान से जीना सिखाया

- आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में 23 दिसंबर को होगा कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत।



- आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य।

आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में 23 दिसंबर को किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती और हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाएगा।

इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधान एडवोकेट रणदीप आर्य ने बताया कि 23 दिसंबर को भारत रत्न चौ. चरण सिंह की जयंती को कृषि प्रेमी विश्व स्तर पर किसान दिवस के रूप में मनाते हैं। भारत में भी जिला प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भी किसान दिवस समारोह आयोजित करके किसानों के मसीहा चौ. चरण सिंह को याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि महर्षि दयानन्द के उन सिद्धांतों के जीवंत संवाहक थे। उन्होंने किसानों के आत्मसम्मान से जीना सिखाया था। उन्होंने युवाओं से अनुरोध किया कि वे इस मिशन को आगे बढ़ाने में और अधिक सहयोग दें।

## क्विज प्रतियोगिता का उदेश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाना: मोनिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

होली मदर पब्लिक स्कूल में सोमवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा एक गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाना तथा उनकी तार्किक और विश्लेषणात्मक क्षमता का विकास करना रहा। इस प्रतियोगिता में दसवीं से बारहवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में पांच टीमों ने भाग लिया। टीम ए में आकाश, निहारिका, निशिका, टीम बी में अभिषेक, आयुष, यशकांत, टीम सी में वंश, अशमित, प्रीति, टीम डी में वंशिका, जशनदीप, साक्षी तथा टीम ई में आदित्य, मीनाक्षी व मानसी शामिल रहे। इस दौरान प्रतियोगिता को पांच रोचक राउंडस में विभाजित किया गया। जिनमें वार्म अप राउंड, रैपिड फायर राउंड, बजर राउंड, वर्ड प्रॉब्लम राउंड तथा एक्टिविटी राउंड शामिल रहे। सभी राउंड्स विद्यार्थियों के ज्ञान, गति और समझ को परखने के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए थे। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ भाग लिया। प्रधानाचार्या ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए कहा।



यमुनानगर। होली मदर पब्लिक स्कूल में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से प्रश्न पूछते हुए विशेषज्ञ।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी सोमपाल उर्फ कोंपली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी हरीश उर्फ धन्ना व सतपाल उर्फ चुन्ना ने दौराने पूछताछ बताया था कि सोमपाल उर्फ कोंपली भी इस मामलें में संलिप्त है। सेक्टर 10 के कुलदीप कुमार ने 1 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 अक्तूबर 2025 को आरोपियों ने अनाज मंडी में स्थित उसकी दुकान से 10 बोरी जीरी चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

### हेरोइन तस्करी में आरोपी पकड़ा

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज नशा तस्करी मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी विक्की को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी धर्मेंद्र व कुशवीन ने बताया कि आरोपी विक्की भी इस मामले में संलिप्त है। 1 दिसंबर 2025 को सीआईए-नारायणगढ़ को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते हैं। पुलिस ने गांव डेरा के पास नाकाबंदी कर दो आरोपियों धर्मेंद्र व कुशवीन को काबू किया था।

### वसूली में काबू आरोपी जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज धमकी देकर जबरन वसूली करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सुखदेव सिंह उर्फ लक्की को शामिल जांच किया है। बब्याल के राजू ने 14 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 फरवरी 2020 से 14 अक्तूबर 2025 के दौरान आरोपी सुखदेव सिंह उर्फ लक्की व अन्य ने उसे धमकी देकर जबरन वसूली करने का आपराधिक कार्य किया है।

### अरूण चंद्र मुनि के प्रवेश पर नमोकार मंत्र से गूंजेगा उचाना

**उचाना।** गुरू मया मदन सुदर्शन संघ प्रमुख बनने के बाद पहली बार उचाना पहुंच रहे अरूण चंद्र मुनि महाराज के प्रवेश को लेकर 22 पंथ एसएस जैन स्थानक में तैयारियों को अंतिम चरण देने के लिए मीटिंग हुई। बड़ौदी से विहार करके अरूण चंद्र मुनि महाराज 23 दिसंबर को बड़ौदा पहुंचेंगे। बड़ौदा से 24 को विहार कर उचाना पहुंचेंगे।

---

छावनी के सुभाष पार्क के ओपन एयर थियेटर में हुआ कार्यक्रम

# शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए मेडिटेशन बेहद फायदेमंद

**ब्रह्माकुमारीज द्वारा सिखाया गया राजयोग ध्यान आत्मा को सशक्त बनाता है**

*मेडिटेशन की विशेषता: मेडिटेशन परमात्मा द्वारा सिखाई गई ज्ञान की विधि है, जिसके हजारों लाभ हैं- शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति, संबंध सुधार, आध्यात्मिक उन्नति और सामाजिक बुराइयों के निवारण में सहायक।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र करवा रहा कार्यक्रम

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र की ओर से द्वितीय विश्व ध्यान दिवस सुभाष पार्क के ओपन थिएटर में बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। यह कार्यक्रम अंबाला सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारीज सैट (शिपिंग एविएशन टूरिज्म) विंग ज़ोनल कोऑर्डिनेटर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने बड़ी एलइडी स्क्रीन पर मेडिटेशन को स्पष्ट करते कार्यक्रम में शामिल सभी व्यक्तियो से कहा कि आप सब संकल्प लेंगे अपने मन में कि यह दिन मेरे मन के लिए मुझ आत्मा के लिए बहुत ही सुंदर प्राप्ति कराने वाला दिन है। परमात्मा के ही द्वारा सिखाई गई जो योग की विधि है जो ज्ञान की मेथड है। हम इसे मेडिटेशन कहते हैं। उसके हजारों फायदे हैं। चाहे फ़िर वो हमारे फिजिकल स्वास्थ्य से संबंधित है। चाहे हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए हैं। संबंधों को सुधारने के लिए है आध्यात्मिक उन्नति के लिए है, सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए है। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा सिखाए जाने वाले राजयोग ध्यानाभ्यास से आत्मा का सशक्तिकरण होता है। यह मन को शांति प्रदान करता है, आत्मविश्वास बढ़ाता है और व्यक्ति को आंतरिक शुद्धता प्राप्त करने में सहायता करता है। उन्होंने बताया कि यह सभी मानव के लिए हैं। हम किसी भी धर्म से हैं। किसी भी जाति से हैं। किसी भी प्रांत से है। कोई भी मान्यता के साथ अपने जीवन में चलने वाले हैं, लेकिन यह मेडिटेशन सबके लिए है। भले ही आपकी आयु कुछ भी हो भले ही आप कोई भी कार्य कर रहे हो। यह किसी भी तरह के मंत्र के साथ नहीं किया जाता। मेडिटेशन में न ही शरीर को किसी भी तरह का हमें कष्ट या तकलीफ देनी है। मेडिटेशन बहुत सिंपल है। समझने के लिए एक बार जब हम समझ जाएंगे तो करना बहुत इजी हो जाएगा।



अंबाला। लोगों को मेडिटेशन के बारे में बताती बीके बहनें।

### मेडिटेशन से हमारे जीवन में सद्गुणों का विकास होता है

मेडिटेशन कोई भगवान को खुश करने की प्रक्रिया नहीं है। न हीं इसमें कोई अंध श्रद्धा है यह एक साइंस है। उन्होंने कहा कि मेडिटेशन की प्रक्रिया और उससे होने वाले फायदे पूरे विश्व में स्वीकार किए गए हैं। इसकी प्रैक्टिस पूरे विश्व में की जाती है जिसके आधार पर हमारे जीवन में सद्गुणों का विकास होता है। दीदी ने बताया कि मेडिटेशन हम कहीं भी कर सकते हैं। अपने घर में कीजिए। बाहर पार्क में बैठे हैं मेडिटेशन कर सकते हैं। प्रकृति की गोद का सुख लेते हुए हम परमात्मा से खुद को कनेक्ट कर सकते हैं। हम दुकान में है ऑफिस में है हमारी माताएं हमारे घर के कामकाज कर रही है उसमें भी छोटे-छोटे ब्रेक लेकर थोड़ा थोड़ा सा विराम लेकर हम मेडिटेशन की अनुभूति कर सकते हैं। पन्ना कॉटेज ब्रह्माकुमारी आश्रम की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रानी दीदी ने कहा परमात्मा की स्मृति में बैठना यही मेडिटेशन है। हर एक व्यक्ति को अपने जीवन में से कुछ क्षण व कुछ घड़ियां अवश्य निकालनी चाहिए। इस अवसर पर योग फेडरेशन के प्रधान से राजिंद्र विज, डॉक्टर अनमोलिका, डॉक्टर प्रांजल, रिटायर्ड डीआईजी प्रताप सिंह, अधिवक्ता कमलेश गुप्ता, अधिवक्ता राजकुमार, रिटायर्ड प्रिंसिपल पवन शर्मा, व्यापारी सुकेश व पूरेवाल सहित शहर की जानीमानी हस्तियां मौजूद रहीं।

---

# जन समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर देना जरूरी



बराड़ा। लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम।

- 25 तक आयोजित किया जाएगा सुशासन दिवस, एसडीएम ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

लघु सचिवालय स्थित सभागार में सुशासन सप्ताह का आयोजन एसडीएम सतिंद्र सिवाच की अध्यक्षता में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 दिसंबर 2025 तक चलेगा। सुशासन सप्ताह का उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं जन-केंद्रित बनाना है ताकि आम नागरिकों को समयबद्ध और प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर एसडीएम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन केवल एक अवधारणा नहीं, बल्कि प्रशासन की कार्यशैली का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए विभागीय समन्वय, समयबद्ध निर्णय और जन समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। सुशासन सप्ताह के दौरान उपमंडल स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

### लंबित मामलों की करें सूची तैयार

नागरिकों की शिकायतों व सुझावों के समाधान के लिए विशेष जनसुनवाई, विभागीय समीक्षा बैठकें, लंबित मामलों के निपटारे हेतु अभियान तथा सरकारी सेवाओं की प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर विचार-विमर्श शामिल है। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों में लंबित मामलों की सूची तैयार कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना ही सुशासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आम नागरिकों को भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि वे अपनी समस्याएं और सुझाव प्रशासन के साथ सांझा कर सकें। एसडीएम ने कहा कि सुशासन सप्ताह केवल एक सप्ताह तक सीमित न रहकर पूरे वर्ष प्रशासन की कार्यप्रणाली का आधार बने, यही इसका वास्तविक उद्देश्य है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार आलमगीर, पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ. सतिंद्र पाल सिंह, सीडीपीओ किरण बाला, एएफएसओ राजेंद्र कुमार, एसडीओ नवरोज सिंह व जेई पंकज, पब्लिक हेल्थ जेई दीपक चौहान भी उपस्थित रहे।

---



### चार्ट व पोस्टर मेकिंग में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**बराड़ा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला में विभागीय निर्देशानुसार राष्ट्रीय गणित सप्ताह के अंतर्गत गणित विषय से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन विद्यालय प्रधानाचार्य जगदीश की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाना तथा उनके मन से गणित विषय का भय दूर करना रहा। इस अवसर पर महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जीवन गाथा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता, चार्ट व पोस्टर मेकिंग, पजल प्रतियोगिता तथा मॉडल मेकिंग जैसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तर पर आयोजित गणित प्रदर्शनी में प्रथम स्थान तथा क्विज प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। राष्ट्रीय गणित सप्ताह का सफल आयोजन प्रधानाचार्य जगदीश के मार्गदर्शन में टीचर लक्ष्मी , अमरजीत कौर एवं दविंदर कौर द्वारा संपन्न कराया गया।

---

# महिलाओं के अधिकारों को लेकर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत आमजन को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों, यातायात के नियमों, महिला सुरक्षा, महिलाओं के अधिकारों व साइबर अपराध बारे जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को थाना प्रभारी शहजादपुर अशोक कुमार व उनकी टीम ने थाना परिसर शहजादपुर में आमजन को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव, स्वच्छता, पौधारोपण, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, रक्तदान व यातायात के नियमों की पालना बारे जानकारी दी। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना व उसके दुष्परिणामों बारे जागरूक करना हैं। जिससे समाज को नशा मुक्त व अपराध मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि अम्बाला पुलिस द्वारा आमजन/युवाओं को यातायात के नियमों का पालन करने ,सड़क सुरक्षा, यातायात सिग्नल, ओवर स्पीड, शराब पीकर गाड़ी न चलाने तथा साइबर अपराध से बचाव और नशे से दूर रहने बारे जागरूक किया।



शहजादपुर। लोगों को जागरुक करते एसएचओ अशोक कुमार व अन्य।

### एप पर करवाया रजिस्ट्रेशन

महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव, स्वच्छता, पौधारोपण, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, रक्तदान व यातायात के नियमों की पालना बारे जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने बताया कि इस दौरान डॉयल-112 एप बारे महिलाओं व आमजन को जानकारी देकर मौका पर ही डाउनलोड करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाया तथा ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस बारे भी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आमजन, छात्र /छात्राएं/कामकाजी महिलाएं निसंकोच होकर किसी भी समय डॉयल-112 या महिला महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 पर कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकती है। पुलिस आपकी सेवा, सुरक्षा सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि नशा समाज का शत्रु है नशा सिर्फ शरीर को बीमार नहीं करता, यह परिवार को तोड़ता है और समाज में अपराध व हिंसा को जन्म देता है। जब युवा नशामुक्त होंगे तभी समाज अपने आप भयमुक्त और सुरक्षित बनेगा। कार्यक्रम में नशा मुक्ति के बारे जानकारी देते हुए टीम ने बताया कि किसी भी प्रकार की नशा संबंधी समस्या की जानकारी आप मानस पोर्टल पर संपर्क कर दे सकते है। इसके लिए ट्रोल फ्री नंबर 1933 और 9050891508 पर व साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरन्त हेल्पलाईन नंबर 1930 पर कॉल कर सूचना दे सकते है। सूचना पूरी तरह से गुप्त रखी जाएगी।

---

# 9 महीने से फरार चल रहे दो ईनामी बदमाश गिरफ्तार

## फायरिंग करने समेत आरोपियों पर कई केस दर्ज, सीआईए स्टाफ ने किए काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के थाना में दर्ज दो गुटो में रंजिशन जान से मारने की नीयत से कोर्ट परिसर में फायरिंग करने के मामले में सीआईए-1 ने नामजद दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 1 मार्च 2025 बीएनसी की धारा 191(3),190,109(1) व 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी नौ महीने से फरार चल रहे थे।

पुलिस ने आरोपियों को पकड़वाने के लिए पांच-पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित किया था। आरोपियों में शुभम उर्फ काका व तेली मंडी का शिवा शामिल है। आरोपियों को पुलिस ने 2 दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में आरोपी आदित्य उर्फ सौरभ व अमित उर्फ नेपाली ने बताया था कि शुभम उर्फ काका व शिवा भी इस मामले में वांछित हैं। आरोपी शुभम व शिवा इस मामले में नौ महीने से फरार चल रहे थे। सीआईए ने सूचना के आधार पर 18 दिसंबर 2025 को उत्तरप्रदेश के गोरखपुर नजदीक नेपाल बॉडर से गिरफ्तार किया है। इस मामलें में 6 आरोपियो को गिरफ्तार किया जा चुका है। दीना की मंडी के रहने वाले अमन कुमार ने 1 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 मार्च 2025 को रंजिशन आरोपी आदित्य उर्फ सौरभ, अमित उर्फ नेपाली व अन्य ने कोर्ट परिसर में उसे जान से मारने की नीयत से उस पर फायरिंग की थी। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस के मुताबिक आरोपी शुभम उर्फ काका के खिलापु अंबाला छावनी पुलिस ने 3 सितंबर 2018 को भादंसं की धारा148, 149, 307, 323, 332, 506, 452, 120बी व 25 आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। 4 जुलाई 2022 को भी आरोपी के खिलाफ धारा 148, 149, 307, 323, 325, 506, 285, 201 व 25 आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था।



अंबाला। पकड़े गए ईनामी आरोपी पुलिस हिरासत में।

### इन एक्ट तहत किया मामला दर्ज

इसी तरह 24 जुलाई 2024 धारा 13-3-67 गैंबलिंग एक्ट में आरोपी को काबू किया गया। 25 मई 2023 को धारा 13-3-67 गैंबलिंग एक्ट में आरोपी को नामजद किया गया था। इसी तरह आरोपी शिवा के खिलाफ 2 अक्तूबर 2025 धारा 148,149,323,341,506 व 10 जुलाई 2017 धारा 148, 149, 307, 323, 324, 325, 506 के तहत अंबाला छावनी पुलिस ने केस दर्ज किया था। 27 मई 2023 को भी आरोपी के खिलाफ 13-3-67 गैबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

---

# फल-सब्जी व मंडी कारोबारियों की हर समस्या का होगा समाधान

- मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र सिंह ने मीटिंग के दौरान कारोबारियों की शिकायतें सुनकर समाधान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर मार्केट कमेटी बोर्ड के चेयरमैन जसविंदर सिंह उगाड़ा ने सोमवार को शहर की सब्जी एवं फल मंडी परिसर में विस्तृत बैठक आयोजित की। इस बैठक में मंडी से जुड़े सब्जी एवं फल के आढ़तियों, दुकानदारों और संबंधित अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक का उद्देश्य मंडी में आ रही विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करना, व्यापारियों की परेशानियों को सुनना और मंडी के समग्र विकास को लेकर ठोस रणनीति तैयार करना रहा। इस दौरान महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। आढ़तियों और दुकानदारों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं रखीं और मंडी को सुव्यवस्थित व आधुनिक बनाने को लेकर अपने सुझाव दिए। इस मौके पर चेयरमैन जसविंदर सिंह उगाड़ा ने अधिकारियों और आढ़तियों को आपसी तालमेल बनाकर कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि मंडी का सुचारू संचालन सभी के सहयोग से ही संभव है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मंडी में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनियमितता या नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



अंबाला। आढ़ती व दुकानदारों से बातचीत करते मार्केट कमेटी के चेयरमैन व अन्य।

---

# राजपूताना वॉरियर्स ने 1 दिन में जीते दो फाइनल, टॉफी पर जमाया कब्जा

**अंबाला।** राजपूताना वॉरियर्स ने एक दिन में दो फाइनल मैच जीतकर तहलका मचा दिया। पहले फाइनल एमएम यूनिवर्सिटी में खेला गया जिसमें राजपूताना वॉरियर्स की टीम ने पहले खेलते हुए 257 रन का लक्ष्य एफसीसी क्रिकेट क्लब को दिया।एफसीसी की टीम केवल 154 रन ही बना सकी। राजपूताना वॉरियर्स ने यह मैच 102 रन से जीता। राजपूताना की ओर से कर्मजीत कम्मी ने 100 रनों का और अमन सैनी ने 83 रनों का योगदान दिया। बालिंग में भक्ति राजपूत, राजीव राणा, सोनू ने दो दो विकेट व संजू और रविंद्र ने एक-एक विकेट हासिल की। दूसरा मैच डे नाइट जवाहरपुर पंजाब में खेला गया जिसमें उनका मुकाबला नाइट क्रिकेट क्लब खन्ना की टीम से हुआ। इसमें राजपूताना वॉरियर्स ने पहले खेलते हुए 258 रन का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में खन्ना की पूरी टीम 163 रन बना सकी। राजपूताना ने यह मैच 94 रन से जीता। इसमें मैच में भी राजपूताना के कम्मी ने 71 रन,धामी ने 75 रन और राकेश पाटी ने 54 रनों का योगदान दिया और राजीव राणा ने शानदार बोलिंग करते हुए चार व जस्सी ने २ विकेट हासिल की। इस शानदार जीत पर कप्तान राजीव राणा ने सभी टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी।



अंबाला। राजपूताना वॉरियर की विजेता टीम।

---

एसपी बोले, नियम तोड़ने वाले चालकों पर होगी कार्रवाई

# नियम तोड़ रहे वाहन चालक, 20 दिनों में 573 के किए चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने ऑप्रेशन हॉटस्पाट डोमिनेशन के तहत नेशनल हाइवे पर 1 दिसंबर 2025 से 21 दिसंबर 2025 के दौरान बिना हेल्मेट, ट्रिपल राइडिंग, बिना पेट्रन नंबर प्लेट/बिना नंबर प्लेट वाहनों के 573 चालान किए। एसपी ने बताया कि डोमिनेशन के तहत सड़क सुरक्षा को प्रभावी बनाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया है। इस अभियान का मुख्य फोकस उन स्थानों पर है जहां सड़क हादसों की संभावना अधिक रहती है। विशेष रूप से नेशनल हाइवे पर। पुलिस ने 1 दिसंबर 2025 से 21 दिसंबर 2025 के दौरान बिना हेल्मेट के 238, ट्रिपल राइडिंग के 30, बिना पेट्रन नंबर प्लेट के 209, बिना नंबर प्लेट के 96 (कुल 573) चालन किए गए। यह प्रक्रिया निरन्तर जारी रहेगी।



अंबाला। नियम तोड़ने वाले वाहन चालक का चालान काटती पुलिस।

### यातायात नियम उल्लंघन पर पुलिस सख्त अभियान

अभियान के तहत पुलिस टीमों द्वारा बिना पेट्रन नंबर/बिना नंबर प्लेट, बिना हेल्मेट, ट्रिपल राइडिंग, ओवरस्पीड और अन्य उल्लघंनों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऐसे नियमों की अनदेखी सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनती हैं इसलिए इस अभियान के तहत किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि हाइवे पर विशेष नाके स्थापित किए गए हैं। यहां पुलिसकर्मी लगातार निगरानी रख रहे हैं। हर वाहन की नंबर प्लेट की जांच की जा रही है। जिन वाहनों पर निर्धारित पेट्रन की नंबर प्लेट नहीं पाई जा रही है उनके खिलाफ तुरन्त चालान जारी किए जा रहे है। इसके अलावा बाइक सवारों के हेलमेट न पहनने व ट्रिपल राइडिंग पर सख्त जुर्माना लगाया जा रहा है। अपराध नियंत्रण और सडक सुरक्षा दोनों को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधिकारियों ने हाइवे पर पेट्रोलिंग भी बढ़ा दी है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल चालान काटने के लिए नहीं बल्कि लोगों की जान बचाने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि हाइवे पर होने वाले हादसे अधिकतर ऐसे नियमों की अनदेखी के कारण होते है जिन्हें नागरिक थोड़ी सतर्कता से रोक सकते है। अभियान के दौरान पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के नियम समझाए जा रहे है। पुलिस का यह कदम सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इससे लोगों में यातायात नियमों के प्रबति जागरूकता बढ़ेगी तथा हादसों में कमी आएगी। सर्दी के मौसम में वाहन चालक वाहनों पर रिफलेक्टर का उपयोग करें। आपातकालीन स्थिति में डॉयल-112 व पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 01712553223 या 7496974689 पर कॉल कर सकते हैं।